प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 10.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.................

- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से।
- प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आज से गेंहू की खरीद शुरू होगी।
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन–खाटूश्याम जी का मुख्य मेला आज।
- भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

.................

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा जो 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 20 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मणिपुर का बजट पेश करेंगी। पिछले महीने एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद से ही राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा। साथ ही कई अहम विधेयक पेश किये जायेंगे। इधर राज्य विधानसभा में आज उद्योग तथा वन और पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा। बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन, सदन में रखा जाएगा। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ये प्रतिवेदन रखेंगे। इसके अलावा विभिन्न याचिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

.................

राज्यपाल हरी भाऊ बागड़े आज भरतपुर के दौरे पर रहेंगे। वे वहां महात्मा गांधी पशु चिकित्सालय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद राज्यपाल, मिनी सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

.................

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार रेलवे श्रमिकों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। श्री मेघवाल कल बीकानेर में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के 21वें त्रैवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आठवें वित्त आयोग का गठन कर दिया गया है तथा आयकर छूट की सीमा में बढोतरी की गई है। श्री मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार पहली बार नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी लाई है। उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने अंग्रेजों के पुराने कानूनों में संशोधन करते हुए इन्हें सरल रूप पेश करते हुए लागू कर दिया है।

.................

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आज से गेंहू की खरीद शुरू होगी। 30 जून तक चलने वाली इस खरीद प्रकिया में सरकार ने प्रति क्विंटल 2 हजार 425 रुपए समर्थन मूल्य तय किया है। सरकार की ओर से खरीद पर 150 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। किसानों को उपज का भुगतान 48 घंटों के भीतर सीधे बैंक खातों में कर दिया जायेगा। रसद विभाग ने सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया हैं।

.................

जयपुर के जोबनेर स्थित श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले का शुभारंभ हो रहा है। मेले में उन्नत कृषि तकनीकों और नवाचारों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर में हुआ आइफा अवार्ड्स समारोह राजस्थान की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया में एक नई पहचान देगा। कल समारोह को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि आईफा के सिल्वर जुबली आयोजन के साथ ही जयपुर, न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई और अबुधाबी जैसे उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां इसका आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का एक प्रमुख केंद्र है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने फिल्म जगत से जुडी सभी हस्तियों को राजस्थान में अधिक से अधिक शूटिंग करने का न्यौता भी दिया। श्री शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर जयपुर में आईफा गार्डन के रूप में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की एक नई पहल की गई है। यहां आईफा अवॉर्ड जीतने वाले कलाकारों और उनकी मां के नाम पर पौधे लगाए जा रहे हैं। इस गार्डन में लगाए जाने वाले 15 हजार पौधे इस समारोह को चिरस्थायी और यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचन्द बैरवा सहित फिल्म और टीवी जगत की जानी–मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

.................

जयपुर में आज 'पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। दहमी कलां स्थित केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान–सीडीटीआई में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को अपडेट करने और उसमें मूल्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा करना है। कार्यशाला में राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के पुलिस महानिदेशक, विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और अन्य केंद्रीय पुलिस संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

.................

प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन हो रहे है। मंदिरों में भजन कीर्तन के कार्यक्रम के साथ ही कई स्थानों पर मेले भी भर रहे है। खाटूश्याम जी के मेले में विभिन्न स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। आज एकादशी के अवसर पर खाटूश्याम जी का मुख्य मेला भर रहा है। इस दौरान खाटूश्याम की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पहली बार बाबा श्याम 125 किलो चांदी से बने भव्य रथ पर नगर भ्रमण करेंगे।

..........

उधर डीग में बृज होली महोत्सव में बडी संख्या में पर्यटक पंहुचे है। भरतपुर में भी होली की धमाल मची हुई है। आज शहर में शोभायात्रा निकाली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी।

.....

.................

भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। कल रात दुबई में खेले गए फाइनल मैच में 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने एक ओवर शेष रहते यह जीत हासिल की। कप्तान रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी करते हुए अच्छी शुरुआत की। शुभमन गिल ने 31 रन बनाये। रोहित ने इस चैंपियनशिप का अपना पहला अर्धशतक बनाया। चैंपियंस ट्रॉफी की जीत रोहित शर्मा की कप्तानी में दूसरा आईसीसी खिताब है। इस जीत के साथ वह दूसरे सबसे सफल भारतीय कप्तान बन गए हैं। भारतीय टीम की इस एतिहासिक जीत पर प्रदेशभर में जश्न का माहौल बना हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है।

.................